/
# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ग्वालियर रोड झाँसी (उ0प्र0)।
Email Add.- eecdupjnjhansi@gmail.com, Mob. No. 9473942725,

पत्रांक 2546 / समाचार-पत्र / 72 दिनांक- 02-9- 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक अमर उजाला एवं दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित शीर्षक "गरौठा में 22 करोड़ की सड़क को एक साल में ही फिर खोद डाला" एवं "25 करोड़ से बनी सड़क पर चला दी जेसीबी, पीडब्लूडी ने रूकवाया काम" की निस्तारण आख्या प्रेषित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक अमर उजाला एवं दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित शीर्षक "गरौठा में 22 करोड़ की सड़क को एक साल में ही फिर खोद डाला" एवं "25 करोड़ से बनी सड़क पर चला दी जेसीबी, पीडब्लूडी ने रूकवाया काम" के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना मे सम्मिलित ग्राम डुमरई में निर्मित उच्च जलाशय से ग्राम गोहना की जलापूर्ति हेतु गरौठा–भसनेह मार्ग के समानान्तर लगभग 03 वर्ष पूर्व 150 मिमी. व्यास की डी.आई. के–9 पाइप लाइन बिछायी गयी थी। पूर्व में उक्त पाइप लाइन मार्ग के समानान्तर कच्ची पटरी पर बिछायी गयी थी। वर्तमान में अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी द्वारा उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कर 7.00 मीटर कर दिया गया है, जिस कारण उक्त पाइप लाइन बिटूमिन सतह के नीचे दब गयी है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म द्वारा ग्राम गोहना में जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु उक्त पाइप लाइन की टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसके दौरान गोहना मोड़ के पास पाइप लाइन में लीकेज प्राप्त हुआ है, जिसकी मरम्मत हेतु उक्त भाग में सड़क काटते हुये लीकेज चिन्हित करते हुये लीकेज मरम्मत का कार्य कराया जाना आवश्यक है, जिसके सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्रांक 2499/जे.जे.एम. टेहरका–बरथरी/109 दिनांक 29.08.2026 द्वारा अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी को पूर्व में ही सूचित कर आश्वस्त कराया गया है कि लीकेज मरम्मत उपरान्त अनुबन्धित फर्म के माध्यम से मार्ग को पुर्नस्थापित करा दिया जायेगा।

अतः आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय
(मुकेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

संख्या एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि :–

1– जिलाधिकारी महोदय, झाँसी को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
3– मुख्य अभियन्ता, झाँसी क्षेत्र), लोक निर्माण विभाग, झाँसी।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
5– अधीक्षण अभियन्ता, झाँसी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, झाँसी।
6– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, झाँसी।
7– जिला सूचना अधिकारी, झाँसी।
8– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
9– मैसर्स बी.जी.सी.सी. नई दिल्ली को इस निर्देश के साथ प्रेषित की लीकेज मरम्मत उपरान्त मार्ग को लोक निर्माण विभाग के मानकों के अनुसार पुर्नस्थापित कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner